भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4077

बुधवार, 17 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

औद्योगिक संकुल

4077. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चीन संयुक्त उद्यमों के साथ तेलंगाना में इन्क्यूबेशन केन्द्र सहित संकुल विकसित करने का इच्छुक है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तेलंगाना के संबंध में नेसकॉम की भूमिका क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्री सोम प्रकाश)

(क): जी, हां, तेलंगाना सरकार को कुछ चीनी कम्पनियों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिन्होंने तेलंगाना में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टरों के विकास में रुचि दिखाई है। प्रस्तावों की जांच की जा रही है और कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख): उपर्युक्त कोई भी प्रस्ताव नैसकॉम के माध्यम से प्राप्त नहीं हुआ है।

****